www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

This booklet contains **44** printed pages.
इस पुस्तिका में मुद्रित पृष्ठ **44** हैं।

# RBS

**No. :**

**PAPER - 1 : MATHEMATICS, PHYSICS & CHEMISTRY**
**प्रश्नपुस्तिका - 1 : गणित, भौतिक विज्ञान तथा रसायन विज्ञान**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# D

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

***Important Instructions :***

1. Immediately fill in the particulars on this page of the Test Booklet with ***only Black Ball Point Pen*** provided in the examination hall.
2. The Answer Sheet is kept inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully.
3. The test is of **3 hours** duration.
4. The Test Booklet consists of **90** questions**.** The maximum marks are **360**.
5. There are ***three*** parts in the question paper A, B, C consisting of **Mathematics, Physics** and **Chemistry** having 30 questions in each part of equal weightage. Each question is allotted **4 (four)** marks for correct response.
6. *Candidates will be awarded marks as stated above in instruction No. 5 for correct response of each question. ¼ (one-fourth) marks of the total marks allotted to the question (i.e. 1 mark) will be deducted for indicating incorrect response of each question. No deduction from the total score will be made if no response is indicated for an item in the answer sheet.*
7. There is only one correct response for each question. Filling up more than one response in any question will be treated as wrong response and marks for wrong response will be deducted accordingly as per instruction 6 above.
8. For writing particulars/marking responses on ***Side-1*** and ***Side-2*** of the Answer Sheet use ***only Black Ball Point Pen*** provided in the examination hall.
9. No candidate is allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, any electronic device, etc. except the Admit Card inside the examination room/hall.
10. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only. This space is given at the bottom of each page and in **four** pages ( Page **40-43**) at the end of the booklet.
11. On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator on duty in the Room/Hall. ***However, the candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***
12. The CODE for this Booklet is **D**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet and also tally the serial number of the Test Booklet and Answer Sheet are the same as that on this booklet. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
13. **Do not fold or make any stray mark on the Answer Sheet.**

***महत्त्वपूर्ण निर्देश :***

1. परीक्षा पुस्तिका के इस पृष्ठ पर आवश्यक विवरण परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराये गए ***केवल काले बॉल प्वाइंट पेन*** से तत्काल भरें।
2. उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर सावधानीपूर्वक विवरण भरें।
3. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है।
4. इस परीक्षा पुस्तिका में **90** प्रश्न हैं। अधिकतम अंक **360** हैं।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में ***तीन*** भाग A, B, C हैं, जिसके प्रत्येक भाग में **गणित, भौतिक विज्ञान** एवं **रसायन विज्ञान** के 30 प्रश्न हैं और सभी प्रश्नों के अंक समान हैं। प्रत्येक प्रश्न के सही उत्तर के लिए **4 ( चार )** अंक निर्धारित किये गये हैं।
6. *अभ्यर्थियों को प्रत्येक सही उत्तर के लिए उपरोक्त निर्देशन संख्या 5 के निर्देशानुसार अंक दिये जायेंगे। प्रत्येक प्रश्न के गलत उत्तर के लिये उस प्रश्न के लिए निर्धारित कुल अंकों में से ¼ (एक-चौथाई) भाग (अर्थात् 1 अंक) काट लिया जायेगा। यदि उत्तर पत्र में किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया हो तो कुल प्राप्तांक से कोई कटौती नहीं की जायेगी।*
7. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही सही उत्तर है। एक से अधिक उत्तर देने पर उसे गलत उत्तर माना जायेगा और उपरोक्त निर्देश 6 के अनुसार अंक काट लिये जायेंगे।
8. उत्तर पत्र के ***पृष्ठ-1*** एवं ***पृष्ठ-2*** पर वांछित विवरण एवं उत्तर अंकित करने हेतु परीक्षा कक्ष में उपलब्ध कराये गए ***केवल काले बॉल प्वाइंट पेन*** का ही प्रयोग करें।
9. अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा कक्ष/हॉल में प्रवेश कार्ड के अलावा किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
10. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में केवल निर्धारित जगह पर ही कीजिए। यह जगह प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे की ओर और पुस्तिका के अंत में **चार** पृष्ठों **( पृष्ठ 40-43 )** पर दी गई है।
11. परीक्षा समाप्त होने पर, अभ्यर्थी कक्ष/हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। ***अभ्यर्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***
12. इस पुस्तिका का संकेत **D** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है और यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र की क्रम संख्या मिलती है। अगर यह भिन्न हो तो अभ्यर्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
13. **उत्तर पत्र को न मोड़ें एवं न ही उस पर अन्य निशान लगाएँ।**

Name of the Candidate (in Capital letters ) : ____________________
अभ्यर्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number : in figures
अनुक्रमांक : अंकों में

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

: in words ____________________
: शब्दों में

Examination Centre Number :
परीक्षा केन्द्र नम्बर :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Name of Examination Centre (in Capital letters) : ____________________
परीक्षा केन्द्र का नाम (बड़े अक्षरों में ) :

Candidate's Signature : ____________________
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर :

1. Invigilator's Signature : ____________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

2. Invigilator's Signature : ____________________
निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Prepp
Your Personal Exams Guide

## PART A — MATHEMATICS

1. If S is the set of distinct values of 'b' for which the following system of linear equations

$$x + y + z = 1$$
$$x + ay + z = 1$$
$$ax + by + z = 0$$

has no solution, then S is :

(1) an empty set
(2) an infinite set
(3) a finite set containing two or more elements
(4) a singleton

2. The following statement

$(p \to q) \to [(\sim p \to q) \to q]$ is :

(1) a tautology
(2) equivalent to $\sim p \to q$
(3) equivalent to $p \to \sim q$
(4) a fallacy

3. If $5(\tan^2 x - \cos^2 x) = 2\cos 2x + 9$, then the value of $\cos 4x$ is :

(1) $-\frac{3}{5}$
(2) $\frac{1}{3}$
(3) $\frac{2}{9}$
(4) $-\frac{7}{9}$

## भाग A — गणित

1. यदि S, 'b' की उन विभिन्न मानों का समुच्चय है जिनके लिए निम्न रैखिक समीकरण निकाय

$$x + y + z = 1$$
$$x + ay + z = 1$$
$$ax + by + z = 0$$

का कोई हल नहीं है, तो S :

(1) एक रिक्त समुच्चय है
(2) एक अपरिमित समुच्चय है
(3) एक परिमित समुच्चय है जिसमें दो या अधिक अवयव हैं
(4) एक ही अवयव वाला समुच्चय है

2. निम्न कथन

$(p \to q) \to [(\sim p \to q) \to q]$ :

(1) एक पुनरुक्ति (tautology) है
(2) $\sim p \to q$ के समतुल्य है
(3) $p \to \sim q$ के समतुल्य है
(4) एक हेत्वाभास (fallacy) है

3. यदि $5(\tan^2 x - \cos^2 x) = 2\cos 2x + 9$, तो $\cos 4x$ का मान है :

(1) $-\frac{3}{5}$
(2) $\frac{1}{3}$
(3) $\frac{2}{9}$
(4) $-\frac{7}{9}$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exam Guide

**4.** For three events A, B and C,

P(Exactly one of A or B occurs)

= P(Exactly one of B or C occurs)

= P(Exactly one of C or A occurs) $= \frac{1}{4}$ and

P(All the three events occur simultaneously) $= \frac{1}{16}$.

Then the probability that at least one of the events occurs, is :

(1) $\frac{7}{32}$

(2) $\frac{7}{16}$

(3) $\frac{7}{64}$

(4) $\frac{3}{16}$

**4.** तीन घटनाओं A, B तथा C के लिए

P( A अथवा B में से केवल एक घटित होती है)

= P( B अथवा C में से केवल एक घटित होती है)

= P( C अथवा A में से केवल एक घटित होती है) $= \frac{1}{4}$ तथा

P( सभी तीन घटनाएँ एक साथ घटित होती हैं) $= \frac{1}{16}$ है,

तो प्रायिकता कि कम से कम एक घटना घटित हो, है :

(1) $\frac{7}{32}$

(2) $\frac{7}{16}$

(3) $\frac{7}{64}$

(4) $\frac{3}{16}$

**5.** Let $\omega$ be a complex number such that $2\omega + 1 = z$ where $z = \sqrt{-3}$. If

$$\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 1 & -\omega^2 - 1 & \omega^2 \\ 1 & \omega^2 & \omega^7 \end{vmatrix} = 3k,$$

then k is equal to :

(1) $-z$

(2) $z$

(3) $-1$

(4) $1$

**5.** माना $\omega$ एक सम्मिश्र संख्या ऐसी है कि $2\omega + 1 = z$ जहाँ $z = \sqrt{-3}$ है। यदि

$$\begin{vmatrix} 1 & 1 & 1 \\ 1 & -\omega^2 - 1 & \omega^2 \\ 1 & \omega^2 & \omega^7 \end{vmatrix} = 3k \text{ है}$$

तो k बराबर है :

(1) $-z$

(2) $z$

(3) $-1$

(4) $1$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**6.** Let k be an integer such that the triangle with vertices (k, $-3$k), (5, k) and ($-$k, 2) has area 28 sq. units. Then the orthocentre of this triangle is at the point :

(1) $\left(2, -\frac{1}{2}\right)$

(2) $\left(1, \frac{3}{4}\right)$

(3) $\left(1, -\frac{3}{4}\right)$

(4) $\left(2, \frac{1}{2}\right)$

**6.** माना k एक ऐसा पूर्णांक है कि त्रिभुज, जिसके शीर्ष (k, $-3$k), (5, k) तथा ($-$k, 2) हैं, का क्षेत्रफल 28 वर्ग इकाई है, तो त्रिभुज के लंब-केन्द्र जिस बिंदु पर है, वह है :

(1) $\left(2, -\frac{1}{2}\right)$

(2) $\left(1, \frac{3}{4}\right)$

(3) $\left(1, -\frac{3}{4}\right)$

(4) $\left(2, \frac{1}{2}\right)$

**7.** Twenty meters of wire is available for fencing off a flower-bed in the form of a circular sector. Then the maximum area (in sq. m) of the flower-bed, is :

(1) 12.5
(2) 10
(3) 25
(4) 30

**7.** एक फूलों की क्यारी, जो एक वृत्त के त्रिज्य खंड के रूप में है, की घेराबंदी करने के लिए बीस मीटर तार उपलब्ध है। तो फूलों की क्यारी का अधिकतम क्षेत्रफल (वर्ग मी. में), है :

(1) 12.5
(2) 10
(3) 25
(4) 30

**8.** The area (in sq. units) of the region $\{(x, y) : x \geq 0, x+y \leq 3, x^2 \leq 4y$ and $y \leq 1+\sqrt{x}\}$ is :

(1) $\frac{59}{12}$

(2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{7}{3}$

(4) $\frac{5}{2}$

**8.** क्षेत्र $\{(x, y) : x \geq 0, x+y \leq 3, x^2 \leq 4y$ तथा $y \leq 1+\sqrt{x}\}$ का क्षेत्रफल (वर्ग इकाइयों) में है :

(1) $\frac{59}{12}$

(2) $\frac{3}{2}$

(3) $\frac{7}{3}$

(4) $\frac{5}{2}$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**9.** If the image of the point P(1, −2, 3) in the plane, $2x+3y-4z+22=0$ measured parallel to the line, $\frac{x}{1}=\frac{y}{4}=\frac{z}{5}$ is Q, then PQ is equal to :

(1) $3\sqrt{5}$

(2) $2\sqrt{42}$

(3) $\sqrt{42}$

(4) $6\sqrt{5}$

**9.** यदि बिंदु P(1, −2, 3) का समतल $2x+3y-4z+22=0$ में वह प्रतिबिंब जो रेखा $\frac{x}{1}=\frac{y}{4}=\frac{z}{5}$ के समांतर है, Q है, तो PQ बराबर है :

(1) $3\sqrt{5}$

(2) $2\sqrt{42}$

(3) $\sqrt{42}$

(4) $6\sqrt{5}$

**10.** If for $x \in \left(0, \frac{1}{4}\right)$, the derivative of $\tan^{-1}\left(\frac{6x\sqrt{x}}{1-9x^3}\right)$ is $\sqrt{x} \cdot g(x)$, then $g(x)$ equals :

(1) $\frac{9}{1+9x^3}$

(2) $\frac{3x\sqrt{x}}{1-9x^3}$

(3) $\frac{3x}{1-9x^3}$

(4) $\frac{3}{1+9x^3}$

**10.** यदि $x \in \left(0, \frac{1}{4}\right)$ के लिए $\tan^{-1}\left(\frac{6x\sqrt{x}}{1-9x^3}\right)$ का अवकलन $\sqrt{x} \cdot g(x)$ है, तो $g(x)$ बराबर है :

(1) $\frac{9}{1+9x^3}$

(2) $\frac{3x\sqrt{x}}{1-9x^3}$

(3) $\frac{3x}{1-9x^3}$

(4) $\frac{3}{1+9x^3}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

**11.** If $(2+\sin x)\frac{dy}{dx}+(y+1)\cos x=0$ and $y(0)=1$, then $y\left(\frac{\pi}{2}\right)$ is equal to :

(1) $\frac{1}{3}$

(2) $-\frac{2}{3}$

(3) $-\frac{1}{3}$

(4) $\frac{4}{3}$

**11.** यदि $(2+\sin x)\frac{dy}{dx}+(y+1)\cos x=0$ तथा $y(0)=1$ है, तो $y\left(\frac{\pi}{2}\right)$ बराबर है :

(1) $\frac{1}{3}$

(2) $-\frac{2}{3}$

(3) $-\frac{1}{3}$

(4) $\frac{4}{3}$

**12.** Let a vertical tower AB have its end A on the level ground. Let C be the mid-point of AB and P be a point on the ground such that AP=2AB. If $\angle BPC=\beta$, then $\tan\beta$ is equal to :

(1) $\frac{6}{7}$

(2) $\frac{1}{4}$

(3) $\frac{2}{9}$

(4) $\frac{4}{9}$

**12.** माना एक ऊर्ध्वाधर मीनार AB ऐसी है कि उसका सिरा A भूमि पर है। माना AB का मध्य बिंदु C है तथा भूमि पर स्थित बिंदु P ऐसा है कि AP=2AB यदि $\angle BPC=\beta$ है, तो $\tan\beta$ बराबर है :

(1) $\frac{6}{7}$

(2) $\frac{1}{4}$

(3) $\frac{2}{9}$

(4) $\frac{4}{9}$


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exam Guide

**13.** If $A = \begin{bmatrix} 2 & -3 \\ -4 & 1 \end{bmatrix}$, then adj $(3A^2 + 12A)$ is equal to :

(1) $\begin{bmatrix} 72 & -84 \\ -63 & 51 \end{bmatrix}$

(2) $\begin{bmatrix} 51 & 63 \\ 84 & 72 \end{bmatrix}$

(3) $\begin{bmatrix} 51 & 84 \\ 63 & 72 \end{bmatrix}$

(4) $\begin{bmatrix} 72 & -63 \\ -84 & 51 \end{bmatrix}$

**13.** यदि $A = \begin{bmatrix} 2 & -3 \\ -4 & 1 \end{bmatrix}$ है, तो adj $(3A^2 + 12A)$ बराबर है :

(1) $\begin{bmatrix} 72 & -84 \\ -63 & 51 \end{bmatrix}$

(2) $\begin{bmatrix} 51 & 63 \\ 84 & 72 \end{bmatrix}$

(3) $\begin{bmatrix} 51 & 84 \\ 63 & 72 \end{bmatrix}$

(4) $\begin{bmatrix} 72 & -63 \\ -84 & 51 \end{bmatrix}$

**14.** For any three positive real numbers a, b and c,

$$9(25a^2 + b^2) + 25(c^2 - 3ac) = 15b(3a + c).$$

Then :

(1) b, c and a are in G.P.

(2) b, c and a are in A.P.

(3) a, b and c are in A.P.

(4) a, b and c are in G.P.

**14.** किन्हीं तीन धनात्मक वास्तविक संख्याओं a, b तथा c के लिए

$$9(25a^2 + b^2) + 25(c^2 - 3ac) = 15b(3a + c)$$

है, तो :

(1) b, c तथा a गुणोत्तर श्रेढी में हैं

(2) b, c तथा a समांतर श्रेढी में हैं

(3) a, b तथा c समांतर श्रेढी में हैं

(4) a, b तथा c गुणोत्तर श्रेढी में हैं



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**15.** The distance of the point (1, 3, −7) from the plane passing through the point (1, −1, −1), having normal perpendicular to both the lines $\frac{x-1}{1}=\frac{y+2}{-2}=\frac{z-4}{3}$ and $\frac{x-2}{2}=\frac{y+1}{-1}=\frac{z+7}{-1}$, is :

(1) $\frac{20}{\sqrt{74}}$

(2) $\frac{10}{\sqrt{83}}$

(3) $\frac{5}{\sqrt{83}}$

(4) $\frac{10}{\sqrt{74}}$

**15.** एक समतल जो बिंदु (1, −1, −1) से होकर जाता है तथा जिसका अभिलंब दोनों रेखाओं $\frac{x-1}{1}=\frac{y+2}{-2}=\frac{z-4}{3}$ तथा $\frac{x-2}{2}=\frac{y+1}{-1}=\frac{z+7}{-1}$ पर लंब है, की बिंदु (1, 3, −7) से दूरी है :

(1) $\frac{20}{\sqrt{74}}$

(2) $\frac{10}{\sqrt{83}}$

(3) $\frac{5}{\sqrt{83}}$

(4) $\frac{10}{\sqrt{74}}$

**16.** Let $I_n=\int \tan^n x\,dx, (n>1)$. If $I_4+I_6=a\tan^5 x+bx^5+C$, where C is a constant of integration, then the ordered pair (a, b) is equal to :

(1) $\left(-\frac{1}{5}, 1\right)$

(2) $\left(\frac{1}{5}, 0\right)$

(3) $\left(\frac{1}{5}, -1\right)$

(4) $\left(-\frac{1}{5}, 0\right)$

**16.** माना $I_n=\int \tan^n x\,dx, (n>1)$ है। यदि $I_4+I_6=a\tan^5 x+bx^5+C$ है, जहाँ C एक समाकलन अचर है, तो क्रमित युग्म (a, b) बराबर है :

(1) $\left(-\frac{1}{5}, 1\right)$

(2) $\left(\frac{1}{5}, 0\right)$

(3) $\left(\frac{1}{5}, -1\right)$

(4) $\left(-\frac{1}{5}, 0\right)$

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** The eccentricity of an ellipse whose centre is at the origin is $\frac{1}{2}$. If one of its directrices is $x = -4$, then the equation of the normal to it at $\left(1, \frac{3}{2}\right)$ is :

(1) $2y - x = 2$

(2) $4x - 2y = 1$

(3) $4x + 2y = 7$

(4) $x + 2y = 4$

**18.** A hyperbola passes through the point $P(\sqrt{2}, \sqrt{3})$ and has foci at $(\pm 2, 0)$. Then the tangent to this hyperbola at P also passes through the point :

(1) $(3\sqrt{2}, 2\sqrt{3})$

(2) $(2\sqrt{2}, 3\sqrt{3})$

(3) $(\sqrt{3}, \sqrt{2})$

(4) $(-\sqrt{2}, -\sqrt{3})$

**19.** The function $f : \mathbf{R} \rightarrow \left[-\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right]$ defined as $f(x) = \frac{x}{1+x^2}$, is :

(1) invertible.

(2) injective but not surjective.

(3) surjective but not injective.

(4) neither injective nor surjective.

**17.** एक दीर्घवृत्त, जिसका केन्द्र मूल बिन्दु पर है, की उत्केन्द्रता $\frac{1}{2}$ है। यदि उसकी एक नियता $x = -4$ है, तो उसके बिंदु $\left(1, \frac{3}{2}\right)$ पर उसके अभिलंब का समीकरण है :

(1) $2y - x = 2$

(2) $4x - 2y = 1$

(3) $4x + 2y = 7$

(4) $x + 2y = 4$

**18.** एक अतिपरवलय बिंदु $P(\sqrt{2}, \sqrt{3})$ से होकर जाता है, तथा उसकी नाभियाँ $(\pm 2, 0)$ पर हैं, तो अतिपरवलय के बिंदु P पर खींची गई स्पर्शरेखा जिस बिंदु से होकर जाती है, वह है :

(1) $(3\sqrt{2}, 2\sqrt{3})$

(2) $(2\sqrt{2}, 3\sqrt{3})$

(3) $(\sqrt{3}, \sqrt{2})$

(4) $(-\sqrt{2}, -\sqrt{3})$

**19.** फलन $f : \mathbf{R} \rightarrow \left[-\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right]$, जो $f(x) = \frac{x}{1+x^2}$ द्वारा परिभाषित है :

(1) व्युत्क्रमणीय है।

(2) एकैकी है परन्तु आच्छादी नहीं है।

(3) आच्छादी है परन्तु एकैकी नहीं है।

(4) न तो आच्छादी और न ही एकैकी है।

**20.** $\lim_{x \to \frac{\pi}{2}} \frac{\cot x - \cos x}{(\pi - 2x)^3}$ equals :

(1) $\frac{1}{24}$

(2) $\frac{1}{16}$

(3) $\frac{1}{8}$

(4) $\frac{1}{4}$

**21.** Let $\vec{a} = 2\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}$ and $\vec{b} = \hat{i} + \hat{j}$. Let $\vec{c}$ be a vector such that $|\vec{c} - \vec{a}| = 3$, $|(\vec{a} \times \vec{b}) \times \vec{c}| = 3$ and the angle between $\vec{c}$ and $\vec{a} \times \vec{b}$ be 30°. Then $\vec{a} \cdot \vec{c}$ is equal to :

(1) $\frac{25}{8}$

(2) 2

(3) 5

(4) $\frac{1}{8}$

**20.** $\lim_{x \to \frac{\pi}{2}} \frac{\cot x - \cos x}{(\pi - 2x)^3}$ बराबर है :

(1) $\frac{1}{24}$

(2) $\frac{1}{16}$

(3) $\frac{1}{8}$

(4) $\frac{1}{4}$

**21.** माना $\vec{a} = 2\hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}$ तथा $\vec{b} = \hat{i} + \hat{j}$ है। माना $\vec{c}$ एक ऐसा सदिश है कि $|\vec{c} - \vec{a}| = 3$, $|(\vec{a} \times \vec{b}) \times \vec{c}| = 3$ तथा $\vec{c}$ और $\vec{a} \times \vec{b}$ के बीच का कोण 30° है, तो $\vec{a} \cdot \vec{c}$ बराबर है :

(1) $\frac{25}{8}$

(2) 2

(3) 5

(4) $\frac{1}{8}$



Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**22.** The normal to the curve $y(x-2)(x-3)=x+6$ at the point where the curve intersects the $y$-axis passes through the point :

(1) $\left(-\frac{1}{2}, -\frac{1}{2}\right)$

(2) $\left(\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right)$

(3) $\left(\frac{1}{2}, -\frac{1}{3}\right)$

(4) $\left(\frac{1}{2}, \frac{1}{3}\right)$

**22.** वक्र $y(x-2)(x-3)=x+6$ के उस बिंदु पर, जहाँ वक्र $y$-अक्ष को काटती है, खींचा गया अभिलंब निम्न में से किस बिंदु से होकर जाता है ?

(1) $\left(-\frac{1}{2}, -\frac{1}{2}\right)$

(2) $\left(\frac{1}{2}, \frac{1}{2}\right)$

(3) $\left(\frac{1}{2}, -\frac{1}{3}\right)$

(4) $\left(\frac{1}{2}, \frac{1}{3}\right)$

**23.** If two different numbers are taken from the set {0, 1, 2, 3, ......, 10}; then the probability that their sum as well as absolute difference are both multiple of 4, is :

(1) $\frac{6}{55}$

(2) $\frac{12}{55}$

(3) $\frac{14}{45}$

(4) $\frac{7}{55}$

**23.** यदि समुच्चय {0, 1, 2, 3, ......, 10} में से दो विभिन्न संख्याएँ निकाली गईं, तो उनके योगफल तथा उनके अंतर के निरपेक्ष मान, दोनों के चार के गुणक होने की प्रायिकता है :

(1) $\frac{6}{55}$

(2) $\frac{12}{55}$

(3) $\frac{14}{45}$

(4) $\frac{7}{55}$

Prepp Your Personal Exam Guide

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**24.** A man X has 7 friends, 4 of them are ladies and 3 are men. His wife Y also has 7 friends, 3 of them are ladies and 4 are men. Assume X and Y have no common friends. Then the total number of ways in which X and Y together can throw a party inviting 3 ladies and 3 men, so that 3 friends of each of X and Y are in this party, is :

(1) 485

(2) 468

(3) 469

(4) 484

**24.** एक व्यक्ति X के 7 मित्र हैं, जिनमें 4 महिलाएँ हैं तथा 3 पुरुष हैं, उसकी पत्नी Y के भी 7 मित्र हैं, जिनमें 3 महिलाएँ तथा 4 पुरुष हैं। यह माना गया कि X तथा Y का कोई उभयनिष्ठ (common) मित्र नहीं है। तो उन तरीकों की संख्या जिनमें X तथा Y एक साथ 3 महिलाओं तथा 3 पुरुषों को पार्टी पर बुलाएं कि X तथा Y प्रत्येक के तीन-तीन मित्र आयें, है :

(1) 485

(2) 468

(3) 469

(4) 484

**25.** The value of

$$\left({}^{21}C_1 - {}^{10}C_1\right) + \left({}^{21}C_2 - {}^{10}C_2\right) + \left({}^{21}C_3 - {}^{10}C_3\right) + \left({}^{21}C_4 - {}^{10}C_4\right) + \dots + \left({}^{21}C_{10} - {}^{10}C_{10}\right)$$ is :

(1) $2^{21} - 2^{11}$

(2) $2^{21} - 2^{10}$

(3) $2^{20} - 2^{9}$

(4) $2^{20} - 2^{10}$

**25.** $$\left({}^{21}C_1 - {}^{10}C_1\right) + \left({}^{21}C_2 - {}^{10}C_2\right) + \left({}^{21}C_3 - {}^{10}C_3\right) + \left({}^{21}C_4 - {}^{10}C_4\right) + \dots + \left({}^{21}C_{10} - {}^{10}C_{10}\right)$$ का मान है :

(1) $2^{21} - 2^{11}$

(2) $2^{21} - 2^{10}$

(3) $2^{20} - 2^{9}$

(4) $2^{20} - 2^{10}$


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exam Guide

**26.** A box contains 15 green and 10 yellow balls. If 10 balls are randomly drawn, one-by-one, with replacement, then the variance of the number of green balls drawn is :

(1) $\frac{12}{5}$

(2) 6

(3) 4

(4) $\frac{6}{25}$

**26.** एक बक्से में 15 हरी तथा 10 पीली गेंदें हैं। यदि एक-एक करके यादृच्छया, प्रतिस्थापना सहित, 10 गेंदें निकाली जाएँ, तो हरी गेंदों की संख्या का प्रसरण है :

(1) $\frac{12}{5}$

(2) 6

(3) 4

(4) $\frac{6}{25}$

**27.** Let a, b, c $\in$ **R**. If $f(x)=ax^2+bx+c$ is such that $a+b+c=3$ and

$f(x+y)=f(x)+f(y)+xy, \forall\ x, y \in \mathbf{R}$,

then $\sum\limits_{n=1}^{10} f(n)$ is equal to :

(1) 330

(2) 165

(3) 190

(4) 255

**27.** माना a, b, c $\in$ **R**। यदि $f(x)=ax^2+bx+c$ ऐसा है कि $a+b+c=3$ है तथा सभी $x, y \in \mathbf{R}$ के लिए

$f(x+y)=f(x)+f(y)+xy$

है, तो $\sum\limits_{n=1}^{10} f(n)$ बराबर है :

(1) 330

(2) 165

(3) 190

(4) 255

**28.** The radius of a circle, having minimum area, which touches the curve $y=4-x^2$ and the lines, $y=|x|$ is :

(1) $2(\sqrt{2}+1)$

(2) $2(\sqrt{2}-1)$

(3) $4(\sqrt{2}-1)$

(4) $4(\sqrt{2}+1)$

**28.** न्यूनतम क्षेत्रफल वाले ऐसे वृत्त, जो वक्र $y=4-x^2$ तथा रेखाओं $y=|x|$ को स्पर्श करता है, की त्रिज्या है :

(1) $2(\sqrt{2}+1)$

(2) $2(\sqrt{2}-1)$

(3) $4(\sqrt{2}-1)$

(4) $4(\sqrt{2}+1)$


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exams Guide

**29.** If, for a positive integer n, the quadratic equation,

$$x(x+1)+(x+1)(x+2)+\ldots + (x+\overline{n-1})\,(x+n)=10n$$

has two consecutive integral solutions, then n is equal to :

(1) 12

(2) 9

(3) 10

(4) 11

**29.** यदि किसी धनपूर्णांक n के लिए, द्विघाती समीकरण

$$x(x+1)+(x+1)(x+2)+\ldots + (x+\overline{n-1})\,(x+n)=10n$$

के दो क्रमिक पूर्णांकीय हल है, तो n बराबर है :

(1) 12

(2) 9

(3) 10

(4) 11

**30.** The integral $\int_{\frac{\pi}{4}}^{\frac{3\pi}{4}} \frac{dx}{1+\cos x}$ is equal to :

(1) $-2$

(2) 2

(3) 4

(4) $-1$

**30.** समाकल $\int_{\frac{\pi}{4}}^{\frac{3\pi}{4}} \frac{dx}{1+\cos x}$ बराबर है :

(1) $-2$

(2) 2

(3) 4

(4) $-1$

## PART B — PHYSICS

*ALL THE GRAPHS/DIAGRAMS GIVEN ARE SCHEMATIC AND NOT DRAWN TO SCALE.*

**31.** A radioactive nucleus A with a half life T, decays into a nucleus B. At $t=0$, there is no nucleus B. At sometime t, the ratio of the number of B to that of A is 0.3. Then, t is given by :

(1) $t=\frac{T}{\log(1.3)}$

(2) $t=\frac{T}{2}\frac{\log 2}{\log 1.3}$

(3) $t=T\frac{\log 1.3}{\log 2}$

(4) $t=T\log(1.3)$

**32.** The following observations were taken for determining surface tension T of water by capillary method :

diameter of capillary, $D=1.25\times10^{-2}$ m

rise of water, $h=1.45\times10^{-2}$ m.

Using $g=9.80$ m/s$^2$ and the simplified relation $T=\frac{rhg}{2}\times10^{3}$ N/m, the possible error in surface tension is closest to :

(1) 10%

(2) 0.15%

(3) 1.5%

(4) 2.4%

## भाग B — भौतिक विज्ञान

*दिए गये सभी ग्राफ/ रेखाकृतियाँ आरेखीय हैं और स्केल के अनुसार रेखांकित नहीं है।*

**31.** एक रेडियोएक्टिव नाभिक-A जिसकी अर्द्ध-आयु T है, का क्षय एक नाभिक-B में होता है। समय $t=0$ पर कोई भी नाभिक-B नहीं है। एक समय t पर नाभिकों B तथा A की संख्या का अनुपात 0.3 है तो t का मान होगा :

(1) $t=\frac{T}{\log(1.3)}$

(2) $t=\frac{T}{2}\frac{\log 2}{\log 1.3}$

(3) $t=T\frac{\log 1.3}{\log 2}$

(4) $t=T\log(1.3)$

**32.** निम्न प्रेक्षणों को केशिका विधि से पानी का पृष्ठ तनाव T नापने के लिये किया जाता है।

केशिका का व्यास, $D=1.25\times10^{-2}$ m

पानी का चढ़ाव, $h=1.45\times10^{-2}$ m

$g=9.80$ m/s$^2$ तथा सरलीकृत सम्बन्ध $T=\frac{rhg}{2}\times10^{3}$ N/m, को उपयोग करते हुए पृष्ठ तनाव में सम्भावित त्रुटि का निकटतम मान होगा :

(1) 10%

(2) 0.15%

(3) 1.5%

(4) 2.4%



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** An electron beam is accelerated by a potential difference V to hit a metallic target to produce X-rays. It produces continuous as well as characteristic X-rays. If $\lambda_{min}$ is the smallest possible wavelength of X-ray in the spectrum, the variation of $\log \lambda_{min}$ with $\log V$ is correctly represented in :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**33.** X–किरणें उत्पन्न करने के लिये एक इलैक्ट्रॉन किरणपुँज को विभवान्तर V से त्वरित करके धातु की प्लेट पर आपतित किया जाता है। इससे विविक्त (characteristic) एवं अविरत (continuous) X–किरणें उत्पन्न होती हैं। यदि X–किरण स्पेक्ट्रम में न्यूनतम संभव तरंगदैर्ध्य $\lambda_{min}$ है तो $\log \lambda_{min}$ का $\log V$ के साथ बदलाव किस चित्र में सही दिखाया गया है ?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exams Guide

**34.** The moment of inertia of a uniform cylinder of length $l$ and radius $R$ about its perpendicular bisector is I. What is the ratio $l/R$ such that the moment of inertia is minimum ?

(1) $\frac{3}{\sqrt{2}}$

(2) $\sqrt{\frac{3}{2}}$

(3) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

(4) 1

**35.** A slender uniform rod of mass M and length $l$ is pivoted at one end so that it can rotate in a vertical plane (see figure). There is negligible friction at the pivot. The free end is held vertically above the pivot and then released. The angular acceleration of the rod when it makes an angle θ with the vertical is :




(1) $\frac{2g}{3l}\cos\theta$

(2) $\frac{3g}{2l}\sin\theta$

(3) $\frac{2g}{3l}\sin\theta$

(4) $\frac{3g}{2l}\cos\theta$

**34.** एक त्रिज्या $R$ तथा लम्बाई $l$ के एक समान बेलन का उसके अभिलम्ब द्विभाजक के सापेक्ष जड़त्व आघूर्ण I है। जड़त्व आघूर्ण के निम्नतम मान के लिये अनुपात $l/R$ क्या होगा ?

(1) $\frac{3}{\sqrt{2}}$

(2) $\sqrt{\frac{3}{2}}$

(3) $\frac{\sqrt{3}}{2}$

(4) 1

**35.** एक द्रव्यमान M एवं लम्बाई $l$ की पतली एवं एक समान छड़ का एक सिरा धुराग्रस्त है जिससे कि वह एक ऊर्ध्वाधर समतल में घूम सकती है (चित्र देखिये)। धुरी का घर्षण नगण्य है। छड़ के दूसरे सिरे को धुरी के ऊपर ऊर्ध्वाधर रखकर छोड़ दिया जाता है। जब छड़ ऊर्ध्व से θ कोण बनाती है तो उसका कोणीय त्वरण होगा :




(1) $\frac{2g}{3l}\cos\theta$

(2) $\frac{3g}{2l}\sin\theta$

(3) $\frac{2g}{3l}\sin\theta$

(4) $\frac{3g}{2l}\cos\theta$

**36.** $C_p$ and $C_v$ are specific heats at constant pressure and constant volume respectively. It is observed that

$C_p - C_v = a$ for hydrogen gas

$C_p - C_v = b$ for nitrogen gas

The correct relation between a and b is :

(1) $a = 28\ b$

(2) $a = \frac{1}{14} b$

(3) $a = b$

(4) $a = 14\ b$

**36.** स्थिर दाब तथा स्थिर आयतन पर विशिष्ट ऊष्मायें क्रमशः $C_p$ तथा $C_v$ हैं। पाया जाता है कि

हाइड्रोजन के लिये, $C_p - C_v = a$

नाइट्रोजन के लिये, $C_p - C_v = b$

a और b के बीच का सही सम्बन्ध होगा :

(1) $a = 28\ b$

(2) $a = \frac{1}{14} b$

(3) $a = b$

(4) $a = 14\ b$

**37.** A copper ball of mass 100 gm is at a temperature T. It is dropped in a copper calorimeter of mass 100 gm, filled with 170 gm of water at room temperature. Subsequently, the temperature of the system is found to be 75°C. T is given by :

(Given : room temperature = 30°C, specific heat of copper = 0.1 cal/gm°C)

(1) 825°C

(2) 800°C

(3) 885°C

(4) 1250°C

**37.** 100 gm द्रव्यमान वाला ताँबे के एक गोले का तापमान T है। उसे एक 170 gm पानी से भरे हुए 100 gm के ताँबे के कैलोरीमीटर, जोकि कमरे के तापमान पर है, में डाल दिया जाता है। तत्पश्चात् निकाय का तापमान 75°C पाया जाता है। T का मान होगा :

(दिया है : कमरे का तापमान = 30°C, ताँबे की विशिष्ट ऊष्मा = 0.1 cal/gm°C)

(1) 825°C

(2) 800°C

(3) 885°C

(4) 1250°C

**38.** In amplitude modulation, sinusoidal carrier frequency used is denoted by $\omega_c$ and the signal frequency is denoted by $\omega_m$. The bandwidth $(\Delta\omega_m)$ of the signal is such that $\Delta\omega_m << \omega_c$. Which of the following frequencies is **not** contained in the modulated wave ?

(1) $\omega_c - \omega_m$

(2) $\omega_m$

(3) $\omega_c$

(4) $\omega_m + \omega_c$

**38.** आयाम मॉडुलन में ज्यावक्रीय वाहक आवृत्ति को $\omega_c$ से तथा सिग्नल आवृत्ति को $\omega_m$ से दर्शाते हैं। सिग्नल की बैण्ड चौड़ाई $(\Delta\omega_m)$ को इस तरह चुनते हैं कि $\Delta\omega_m << \omega_c$. निम्न में से कौनसी आवृत्ति माडुलित तरंग में **नहीं** होगी ?

(1) $\omega_c - \omega_m$

(2) $\omega_m$

(3) $\omega_c$

(4) $\omega_m + \omega_c$



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** The temperature of an open room of volume 30 $m^3$ increases from 17°C to 27°C due to the sunshine. The atmospheric pressure in the room remains $1 \times 10^5$ Pa. If $n_i$ and $n_f$ are the number of molecules in the room before and after heating, then $n_f - n_i$ will be :

(1) $-2.5 \times 10^{25}$

(2) $-1.61 \times 10^{23}$

(3) $1.38 \times 10^{23}$

(4) $2.5 \times 10^{25}$

**39.** सूर्य की किरणों से एक खुले हुए 30 $m^3$ आयतन वाले कमरे का तापमान 17°C से बढ़कर 27°C हो जाता है। कमरे के अन्दर वायुमंडलीय दाब $1 \times 10^5$ Pa ही रहता है। यदि कमरे के अन्दर अणुओं की संख्या गर्म होने से पहले एवं बाद में क्रमश: $n_i$ व $n_f$ हैं तो $n_f - n_i$ का मान होगा :

(1) $-2.5 \times 10^{25}$

(2) $-1.61 \times 10^{23}$

(3) $1.38 \times 10^{23}$

(4) $2.5 \times 10^{25}$

**40.** In a Young's double slit experiment, slits are separated by 0.5 mm, and the screen is placed 150 cm away. A beam of light consisting of two wavelengths, 650 nm and 520 nm, is used to obtain interference fringes on the screen. The least distance from the common central maximum to the point where the bright fringes due to both the wavelengths coincide is :

(1) 15.6 mm

(2) 1.56 mm

(3) 7.8 mm

(4) 9.75 mm

**40.** यंग के एक द्विझिरी प्रयोग में, झिरियों के बीच की दूरी 0.5 mm एवं पर्दे की झिरी से दूरी 150 cm है। एक प्रकाश पुंज, जिसमें 650 nm और 520 nm की दो तरंगदैर्ध्य हैं, को पर्दे पर व्यतीकरण फ्रिन्ज बनाने में उपयोग करते हैं। उभयनिष्ठ केन्द्रीय उच्चिष्ठ से वह बिन्दु, जहाँ दोनों तरंगदैर्ध्यों की दीप्त फ्रिन्जें सम्पाती होती है, की न्यूनतम दूरी होगी :

(1) 15.6 mm

(2) 1.56 mm

(3) 7.8 mm

(4) 9.75 mm



SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exams Guide

**41.** A particle A of mass m and initial velocity $v$ collides with a particle B of mass $\frac{m}{2}$ which is at rest. The collision is head on, and elastic. The ratio of the de-Broglie wavelengths $\lambda_A$ to $\lambda_B$ after the collision is :

(1) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{1}{2}$

(2) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{1}{3}$

(3) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = 2$

(4) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{2}{3}$

**41.** द्रव्यमान m एवं आरम्भिक वेग $v$ के एक कण-A की टक्कर द्रव्यमान $\frac{m}{2}$ के स्थिर कण-B से होती है। यह टक्कर सम्मुख एवं प्रत्यास्थ है। टक्कर के बाद डि-ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्यों $\lambda_A$ एवं $\lambda_B$ का अनुपात होगा :

(1) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{1}{2}$

(2) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{1}{3}$

(3) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = 2$

(4) $\frac{\lambda_A}{\lambda_B} = \frac{2}{3}$

**42.** A magnetic needle of magnetic moment $6.7 \times 10^{-2}$ $Am^2$ and moment of inertia $7.5 \times 10^{-6}$ kg $m^2$ is performing simple harmonic oscillations in a magnetic field of 0.01 T. Time taken for 10 complete oscillations is :

(1) 8.76 s

(2) 6.65 s

(3) 8.89 s

(4) 6.98 s

**42.** एक चुम्बकीय आघूर्ण $6.7 \times 10^{-2}$ $Am^2$ एवं जड़त्व आघूर्ण $7.5 \times 10^{-6}$ kg $m^2$ वाली चुम्बकीय सुईं, एक 0.01 T तीव्रता के चुम्बकीय क्षेत्र में सरल आवर्त दोलन कर रही है। 10 पूरे दोलन का समय होगा :

(1) 8.76 s

(2) 6.65 s

(3) 8.89 s

(4) 6.98 s

 SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

Prepp Your Personal Exam Guide

**43.** An electric dipole has a fixed dipole moment $\vec{p}$, which makes angle $\theta$ with respect to $x$-axis. When subjected to an electric field $\vec{E}_1 = E\hat{i}$, it experiences a torque $\vec{T}_1 = \tau\hat{k}$. When subjected to another electric field $\vec{E}_2 = \sqrt{3}\, E_1 \hat{j}$ it experiences a torque $\vec{T}_2 = -\vec{T}_1$. The angle $\theta$ is :

(1) 90°
(2) 30°
(3) 45°
(4) 60°

**43.** एक विद्युत द्विध्रुव का स्थिर द्विध्रुव आघूर्ण $\vec{p}$ है जो कि $x$-अक्ष से $\theta$ कोण बनाता है। विद्युत क्षेत्र $\vec{E}_1 = E\hat{i}$ में रखने पर यह बल आघूर्ण $\vec{T}_1 = \tau\hat{k}$ का अनुभव करता है। विद्युत क्षेत्र $\vec{E}_2 = \sqrt{3}\, E_1 \hat{j}$ में रखने पर यह बल आघूर्ण $\vec{T}_2 = -\vec{T}_1$ का अनुभव करता है। कोण $\theta$ का मान होगा :

(1) 90°
(2) 30°
(3) 45°
(4) 60°

**44.** In a coil of resistance 100 Ω, a current is induced by changing the magnetic flux through it as shown in the figure. The magnitude of change in flux through the coil is :




(1) 275 Wb
(2) 200 Wb
(3) 225 Wb
(4) 250 Wb

**44.** चुम्बकीय फ्लक्स के बदलने से 100 Ω प्रतिरोध की कुण्डली में प्रेरित धारा को चित्र में दर्शाया गया है। कुण्डली से गुजरने वाले फ्लक्स में बदलाव का परिमाण होगा :




(1) 275 Wb
(2) 200 Wb
(3) 225 Wb
(4) 250 Wb


SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**45.** A time dependent force $F = 6t$ acts on a particle of mass 1 kg. If the particle starts from rest, the work done by the force during the first 1 sec. will be :

(1) 18 J

(2) 4.5 J

(3) 22 J

(4) 9 J

**46.** Some energy levels of a molecule are shown in the figure. The ratio of the wavelengths $r = \lambda_1/\lambda_2$, is given by :




(1) $r = \frac{1}{3}$

(2) $r = \frac{4}{3}$

(3) $r = \frac{2}{3}$

(4) $r = \frac{3}{4}$

**45.** 1 kg द्रव्यमान का एक कण, एक समय पर निर्भर (time dependent) बल $F = 6t$ का अनुभव करता है। यदि कण विरामावस्था से चलता है तो पहले 1 s में बल द्वारा किया गया कार्य होगा :

(1) 18 J
